तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 मई 2025


14 'शालाओं-शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण पूरी ...


14 विधायक ने की बच्चों की प्रतिभा की सराहना...

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

**खबर संक्षेप**

### किसड़ी में अष्टप्रहरी नामयज्ञ 3 से

**सरायपाली।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम किसड़ी में आगामी 3 मई से अष्टप्रहरी नामयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 3 मई को कलश स्थापना व महामंत्र नाम उच्चारण एवं 4 मई को यज्ञ पूणाहुति व महाप्रसाद भंडारा रखा गया है। कीर्तन के लिए वनवासपाली उड़ीसा, लीलाधर उड़ीसा, लिंगमानी उड़ीसा, नवागांव (सलडीह), हरिबनपुर एवं स्थानीय किसड़ी की टीमों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की गई है।

### कीर्तन कार्यक्रम के दौरान मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सीतापुर में अष्टप्रहरी कीर्तन के दौरान बाइक को गिराने से मना करने पर एक व्यक्ति से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी रूपानंद निवासी सीतापुर ने बताया कि 29 अप्रैल को गांव में अष्टपहरी कीर्तन कार्यक्रम चल रहा था, जहां बाहर से आए लोगो ने अपनी मोटर साइकिल को रखा था, इस दौरान मोटर साइकिलों को गांव का लक्ष्मीनारायण बढाई पैर से मारकर गिरा रहा था। जिसे प्रार्थी के भाई जन्मजय प्रधान द्वारा मना किया गया, तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर धारदार वस्तु से मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम दीवानगुड़ी में नाला के पास हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब छिपाकर रखे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की गई। सिंघोड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी लोचन बरिहा पिता पईका बरिहा (51 साल) निवासी बंदलीमाल के कब्जे से लगभग 7 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त किया है।

# गुड्डा-गुड़िया विवाह के लिए सजा मंडप, गोधूलि बेला में हुआ बारात स्वागत

## शहर सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया अक्ती का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अक्षय तृतीया (अक्ती) के अवसर पर बुधवार को शहर सहित अंचल में धूमधाम से यह पर्व मनाया गया। अक्षय तृतीया को हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार सबसे शुभ तिथि माना जाता है और इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना पंचांग देखे और बिना मुहूर्त निकाले किया जा सकता है। इस दिन, बच्चे मिट्टी के गुड्डा-गुड़िया को दूल्हा और दुल्हन बनाकर उनकी शादी करते हैं। यह एक पारंपरिक खेल है जो बच्चों को शादी की रस्मों से परिचित कराता है।

अक्षय तृतीया पर गुड्डे- गुड़ियों की शादी की परंपरा का निर्वाह किया जाता है। सांकेतिक तौर पर कई स्थानों पर विवाह की पूरी रस्में भी कराई जाती हैं।





### बिखरी परंपरा की छटा

शहर के कॉलेज रोड में इस अवसर पर पिछले दो दिनों से शादी की तैयारी की जा रही थी। इस शादी को आयोजित करने वाली संस्कृति जैन, सुभेष्क्षा दुबे, वेदिका जैन, रिद्धिमा जैन,चंचल, वर्षा, प्रिंस, डाली, पूजा व खुशी ने बताया कि सोमवार को शादी की पूरी तैयारी की गई। आधे बच्चे वर पक्ष से हैं ,तो आधे वधू पक्ष से। मंगलवार को चुलमाटी, मेंहदी और संगीत का आयोजन किया गया। परंपरा अनुसार तेल हल्दी खेली गई फिर दोपहर तक शादी की अन्य रस्मों के पश्चात गोधूलि बेला में वर पक्ष द्वारा बारात निकाला गया। जिसके स्वागत पश्चात मंडप में गुड्डा- गुड़िया का विवाह रचाया गया।

### बाजार में भी रही चहल-पहल

शादी के लिए बच्चों ने आस-पास के लोगों को निमंत्रण भी दिया है और सभी के लिए भोजन व्यवस्था भी रखी। मालूम हो कि अक्षय तृतीया विवाह, किसी मंगल कार्य के लिए शुभ माना जाता है । साथ इस दिन सोना-चांदी, वाहन , गृह संपत्ति खरीदने के लिए शुभ दिन है जिसके चलते आज सराफा बाजार और ऑटोमोबाइल शो रूम में ग्राहकों की चहल पहल रही।

## बच्चों ने उत्साह के साथ गुड्डा-गुड़िया की रचाई शादी



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में अक्षय तृतीया पर्व पर बुधवार को बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। बच्चों ने एक दिन पहले ही गुड्डा-गुड़िया की शादी की तैयारियां की थी। घरों में बच्चों की टोली ने बड़ों के साथ मिलकर मंडल सजाया। गली मोहल्लों में बच्चों ने मंडप सजाकर विधि-विधान के साथ गुड्डे-गुड़ियों की शादी रचाई। छोटी से नगाड़े के साथ बॉक्स में फिल्मी गीत पर झूमते नन्हें-मुन्हें बाराती और घराती ने मिलकर अक्ती पर गुड्डे-गुडिय़ों का ब्याह रचाया। सबकुछ इंतजाम बच्चों ने किया। अक्ती के मौके पर घर घर बच्चों ने विवाह की रस्मों को पूरा किया। शिव पार्वती, रानी की राजा, राम सीता, राधा कृष्णा के नाम से कार्ड छपवा कर निमंत्रण दिया गया था। गुडिय़ा की शादी में बच्चों ने चूलमाटी से लेकर हल्दी चढ़ाना, एक दूसरे के ऊपर चढ़ाया। विवाह की पूरी रस्म अदा की गई। बच्चों का पक्ष गुड्डे और दूसरा पक्ष गुड़िया के साथ रहा। मंडप तक बारात पहुंची और विवाह की रस्म पूरी की गई। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए परिवारजन व मुहल्लावासी भी पहुंचे और गुड्डे-गुड़िया को पीले चावल का तिलक लगाते हुए टीकावन भेंट किया। फिर मंडप में बच्चों का उत्साहवर्धन करने बड़ों ने रुपए पैसे व उपहार दिए। वहीं बच्चों ने लड्डू, खीर पूड़ी का वितरण किया। इस दौरान भूमिका साहू, कन्हा पटेल, रिध्दि सिद्धि यादव, चारवी यादव, तुशांत साहू का अहम योगदान था।

**सुविधा :** नए बैच के छात्रों को जल्द मिल सकती है हॉस्टल की सौगात

# साल के अंत तक मिलेगा मेडिकल कॉलेज भवन, हॉस्टल भी जल्द ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मेडिकल कॉलेज का नया भवन दिसंबर 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा। लेकिन, नए बैच के छात्रों को हॉस्टल की सौगात जल्द मिल सकती है। एनएच-353 से कॉलेज तक सड़क निर्माण के लिए प्रबंधन ने कलेक्टर को पत्र लिखा है।

मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य 322 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से हो रहा है। पहले चरण में अकादमिक भवन, स्टॉफ क्वार्टर, छात्रों के लिए हॉस्टल आदि का निर्माण होगा। मेडिकल कॉलेज का नया भवन आकार ले चुका है। नए शिक्षा सत्र से लगभग 125 नए छात्र आएंगे। इस बार मेडिकल के छात्रों को नए हॉस्टल में रहने की सुविधा मिलेगी। इसकी तैयारी चल रही है। वर्तमान में छात्र किराए के अधिग्रहित भवनों में रह रहे हैं। मेडिकल के छात्रों को शहर के एक छोर से दूसरे छोर जाना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज का अकादमिक भवन, हॉस्टल स्टॉफ क्वार्टर व अन्य भवन बन जाने के बाद अंतिम चरण में मेडिकल कॉलेज का अस्पताल बनाया जाएगा। मेडिकल कॉलेज के छात्र सर्व सुविधायुक्त भवन में अध्ययन कर सकेंगे। मेडिकल कॉलेज के प्रो. डॉ. एआर वर्मा ने बताया कि दिसंबर तक भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है। भवन लगभग तैयार भी हो चुका है। नए सत्र के छात्र नए हॉस्टल में रहें, इसके लिए पूरी तैयारी चल रही है। धीरे-धीरे सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा।

मेडिकल कॉलेज के तीन बैच के लगभग 375 छात्र अध्ययन कर रहे हैं। नए बैच में भी 125 छात्र आएंगे। चौथे बैच के छात्रों के आने बाद एमबीबीएस छात्रों की संख्या 500 तक पहुंच जाएगी। वर्तमान में शहर के कई सरकारी भवन अधिग्रहित हो चुके हैं। इस कारण कॉलेज भवन का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

### आएगी एनएमसी टीम

आगामी महीनों में एनएमसी की टीम निरीक्षण कर सकती है। नए सत्र की मान्यता के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लेगी। इसके अलावा फेकल्टी, बुनियादी सुविधाएं आदि का अवलोकन करेगी।

### खराब रास्ते से कर रहे आवाजाही

नेशनल हाइवे से मेडिकल कॉलेज के नए अकादमिक भवन निर्माण स्थल तक कच्चा रास्ता है। वर्तमान में मजदूर, निर्माण कार्य में लगे अधिकारी व अन्य स्टॉफ कच्चे मार्ग से ही आना-जाना कर रहे हैं। छात्र हॉस्टल से आना-जाना कर सकें, इसके लिए सड़क का निर्माण होना जरूरी है। मेडिकल कॉलेज ने सड़क निर्माण करने के लिए पत्र भी लिखा है। हालांकि, अभी एडमिशन की प्रक्रिया में तीन से चार माह का समय है।

# 5वीं-8वीं के छात्र रिजल्ट से अवगत, अंकसूची नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीयकृत परीक्षा के तहत 5वीं-8वीं की परीक्षा की उत्तरपुस्तिका जांच पूरी होने के बाद छात्रों को फेल पास होने की जानकारी दे दी गई है। अंकसूची प्रिंट होने में देरी होने के चलते छात्रों को प्राप्तांकों की जानकारी नहीं मिल पाई है। बता दें कि जांच के लिए 12 अप्रैल की डेडलाइन के पाद अप्रैल के आखिरी तक केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा रिजल्ट घोषित होने थे।

### पूरक परीक्षाएं होंगी, लगेगी एक्स्ट्रा क्लास भी

रिजल्ट जारी होने के बाद ऐसे बच्चे जो परीक्षा में फेल होंगे, उनकी दोबारा अवसर देते हुए एक्स्ट्रा क्लास के माध्यम से पढ़ाई करानी होगी। ऐसे में गर्मी में इस बार शिक्षकों की छुट्टियां निरस्त हो सकती है। शिक्षक परीक्षा में फेल हुए बच्चों की एक्स्ट्रा क्लास लेंगे। अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए जून से पूरक परीक्षाएं होंगी। यह कक्षाएं सिर्फ उन्हीं के लिए होंगी। जो कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं।

### गुणवत्ता से कॉपियां जांचने के निर्देश

लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों द्वारा जारी निर्देश के तहत व्यवस्था मुताबिक, परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल तक जारी करने कहा गया था। हालांकि छात्रों का मूल्यांकन कार्य 12 अप्रैल तक पूरा होना था। जिसके बाद 25 अप्रैल तक अंकसूचियों की तैयारी कर 28 अप्रैल तक उन्हें विकासखंड शिक्षा कार्यालयों के माध्यम से संबंधित स्कूलों में वितरित किए जाने के निर्देश के बाद भी अंकसूची नही मिल पाई है।

### इस प्रकार से रहेगी शेड्यूल

बीईओ लीलाधर सिंहा ने बताया कि 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा के लिए पूरक परीक्षा आयोजित हो सकती है। इससे पहले 30 अप्रैल तक 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी करते हुए छात्रों को पास फेल से अवगत कराया जा चुका है। अंकसूची प्रिंट होने के बाद वितरित किए जाएंगे।

# द्रोणिका का दिखेगा असर, हो सकती है बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रदेश के ऊपर बने उत्तर-दक्षिण द्रोणिका और ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से अगले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक, तेज हवाएं, अंधड़ और हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश से लेकर दक्षिण तमिलनाडु तक एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका बनी हुई है, जो लगभग 1.5 ड्ट की ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके साथ ही 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक चक्रवाती परिसंचरण भी सक्रिय है, जो विदर्भ, मराठवाड़ा, आंतरिक कर्नाटक होते हुए तमिलनाडु तक फैला है। इन मौसमी प्रणालियों के चलते प्रदेश में नमी बढ़ी है और वातावरण में अस्थिरता बनी हुई है, जिससे हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसके साथ ही एक-दो स्थानों पर तेज हवाएं चलने (30-40 किमी प्रति घंटा) और अंधड़ के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है। दो दिन बाद हवाओं की रफ्तार और बढ़ सकती है, जो 40-50 किमी प्रति घंटा तक जा सकती है।

### बारात में नाच रहे लोगों से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बारात में नाच रहे लोगों के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को जितेंद्र कुमार साहू निवासी ग्राम कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा बलौदाबाजार ने कोतवाली पुलिस को बताया कि 29 अप्रैल को ग्राम कबीरधर्म नगर दामाखेड़ा से ग्राम बिरकोनी उसके भतीजे रोशन कुमार की बारात में आए थे। इस दौरान उसके दोस्त रौनक भोई, टिकेश्वर साहू एवं अन्य बाराती साथ में नाच रहे थे। रात्रि करीबन 8.30 बजे ग्राम बिरकोनी के बलीराम साहू के घर के पास पहुंचने पर अज्ञात 03 लोग भी नाचने लगे और नाचते हुए धक्का मुक्की कर रहे थे, जिसे मना करने पर वे लोग आवेश में आकर गालियां देते हुए जान से मारने मारपीट करने लगे। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहुति व भंडारे के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय बीटीआई मार्ग स्थित खैरा बाड़ा में चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आठवें दिन आज फूलों की होली, हवन पूर्णाहुति, तुलसी वर्षा के साथ कथा विराम हुआ। भगवताचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री सिलयारी धाम द्वारा तुलसी वर्षा का महत्व बताया गया। उन्होंने कहा कि तुलसी वर्षा से भगवान हरि नारायण का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि तुलसी वर्षा करने से भक्तों को मोक्ष और सद्गति की प्राप्ति होती है। इससे पूर्व फूलों की होली खेली गई, जिसमें भक्त भगवान कृष्ण के साथ ब्रज की होली की भांति फूलों की वर्षा कर होली खेले। वहीं छोटे बच्चों को कृष्ण व राधा के वेश में सजाकर उन पर फूलों की वर्षा की गई। मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति में समस्त भागवत प्रेमियों ने यज्ञ में आहुतियां दी। वहीं अंत में भंडारा का आयोजन कर समस्त भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

हवन पूर्णाहुति व भंडारा कार्यक्रम में ऊषा कमल नारायण चंद्राकर, शिल्पा सपन चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर, कमला-भूषण चंद्राकर, लता नुकेश चंद्राकर, सती शिव चंद्राकर, अंजना राजू चंद्राकर, नेता सतीश चंद्रवंशी, अरविंद चंद्राकर, साक्षी यश चंद्राकर, अनिल संध्या चंद्राकर, चेतन श्रद्धा चंद्राकर, अनुराग एकता चंद्राकर, सक्षम चंद्राकर, समर्थ, समृद्ध, संस्कृति, स्वर्णा, सृजन सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

**आयोग की सदस्य व अधिवक्ता दीपिका शोरी ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण**

# महिला वार्डों में साफ-सफाई और सुरक्षा के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- महिला आयोग से सरल, सुगम व नि:शुल्क न्याय मिलता है: दीपिका



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्या व अधिवक्ता दीपिका शोरी जिला अस्पताल एवं सखी वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक वार्ड में जाकर मरीजों से उनका हाल जाना व उन्होंने उनसे किसी भी प्रकार की परेशानी हो रही है, इस संबंध में बात की। भोजन के विषय में व अस्पताल के कर्मचारियों के व्यवहार मरीजों के प्रति कैसे हैं इस विषय पर मरीजों के परिजनों से बात की। अस्पताल के संयुक्त संचालक डॉ बसंत महेश्वरी को महिला वार्डों पर सफाई एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। डॉक्टर महेश्वरी ने बताया कि अस्पताल में सफाई कर्मचारी 35 है। सुरक्षा को लेकर विशेष चिंता की जाती है। 40 महिला एवं पुरुष सुरक्षा कर्मी हैं, जो 24 घंटे वार्ड की निगरानी करते है। इसके अलावा दीपिका ने अस्पताल प्रबंधन से उनकी समस्याओं को भी पूछा व जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर उसके निदान के लिए कहा। इसके पश्चात दीपिका जिले के ही सखी वन स्टाप सेंटर पहुंची, जहां उन्होंने पूरे केंद्र का निरीक्षण कर वहां के दस्तावेजों की भी जांच की व वहां के प्रभारी को आने वाले दिनों में महिला अपराध संबंधी अधिक से अधिक मामलों को महिला आयोग प्रदेश कार्यालय रायपुर भेजने के लिए निर्देश भी दिया। दीपिका ने सखी वन स्टाप सेंटर के प्रभारी को आने वाले दिनों में जिले से अधिक से अधिक मामले राज्य कार्यालय महिला आयोग भेजने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि आयोग हमारी पीड़ित महिलाओं के लिए सहज, सरल एवं निःशुल्क न्याय मिलने का एक मात्र स्थान है, जहाँ कम समय में उचित न्याय मिलता है। इसलिए मैं प्रेस के माध्यम से भी अपील करती हूं कि छत्तीसगढ़ की समस्त महिलाएं जो किसी भी प्रकार से पीड़ति है वो राज्य महिला आयोग में अपनी शिकायत दर्ज करवाएं व कम समय में उचित न्याय प्राप्त करें। निरीक्षण के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर, जिला महामंत्री अमन वर्मा, जिला मंत्री दुर्गा शंकर दुबे, मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, महामंत्री हीरा साहू, उपाध्यक्ष आकाश पांडे, कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे व जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडे एवं समस्त कर्मचारी अधिकारी व जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा व सदस्य राजेश दीवान उपस्थित रहे।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका ने की राज्यपाल से सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य भेंट की। डॉ. वर्णिका शर्मा ने राज्यपाल को छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा हाल ही में की गई विभिन्न पहलों से अवगत कराया। उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम सहित सात अनुशंसाएं शासन को प्रेषित करने के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. वर्णिका शर्मा ने आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-24 भी राज्यपाल को सौंपा। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र के बच्चों की समस्याओं पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस दौरान आयोग के सचिव प्रतीक खरे भी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## तुमगांव में 9वीं की छात्रा रूपाली 81.16 प्रतिशत के साथ रही अव्वल

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु मंदिर तुमगांव में बुधवार को कक्षा 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। इस दौरान कक्षा 9वीं की छात्रा रूपाली साहू 81.16 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। वहीं भानू जलक्षत्री 80 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान व अंजलि साहू ने 74.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही विद्यालय के कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय से चंचल साहू 80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान रीमा गोस्वामी 73.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान व पुष्पांजलि साहू 70.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान बनाया। कला संकाय कक्षा ग्यारहवीं से रोशनी साहू 74 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, हिमांशी साहू 68 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान व महेश्वरी धीवर 66.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान बनाया। रूपाली साहू कक्षा 9वीं व कक्षा ग्यारहवीं ने संपूर्ण विद्यालय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित कर विद्यालय व अपने परिवार को गौरवांवित किया। संस्था के संयोजक राकेश चंद्राकर ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को आगामी वर्ष में बोर्ड परीक्षा में और अच्छे हैं अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर संस्था के गुरुजी शिक्षण समिति के अध्यक्ष मोतीराम साहू एवं आचार्य व दीदी सहित अन्य लोग मौजूद थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी आरके साहू आचार्य ने दी।

## सेवानिवृत होने पर मथुरा को दी ससम्मान विदाई

**कांकेर।** शहीद राम कुमार यादव शाउमा विद्यालय में पूर्व माध्यमिक शाला विभाग लट्टीपारा में 44 वर्षों से पदस्थ रही मथुरा मेश्राम प्रधान अध्यापक को सेवा के पश्चात सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई दी गई। प्राचार्य अंजना श्रीवास्तव ने उनके उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की। अंत में समस्त शिक्षकों ने सेवानिवृत प्रधानअध्यापक के विद्यालय के प्रति लगाव एवं बच्चों के प्रति अपार स्नेह को सभी लोगों ने याद किया।

# शासकीय भूमि पर अवैधानिक रूप से लगाया जा रहा डामर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विकासखंड के ग्राम पंचायत साल्हेझरिया अंतर्गत अंतिम छोर पर बसे ग्राम फुलवारी ओडिशा से सीमा से लगा हुआ शासकीय भूमि पर अवैधानिक रूप से डामर प्लांट स्थापित किए जाने का मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खसरा नंबर 88 रकबा 36.66 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर तेजराम पटेल निवासी फुलवारी ने अवैध कब्जा कर रखा है। उक्त शासकीय भूमि पर बिलासपुर के कंस्ट्रक्शन द्वारा अवैध रूप से डामर प्लांट लगाया जा रहा है। बता दें कि



छत्तीसगढ़ राज्य के अंतिम छोर में बसे ग्राम फुलवारी ओडिशा सीमा से लगा हुआ है। तेजराम पटेल को ग्राम पंचायत साल्हेझरिया द्वारा ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर तीन माह के लिए स्वीकृति दी है। जबकि, ग्राम पंचायत को शासकीय घास मद की भूमि को उद्योग एवं प्लांट के लिए देने का अधिकार नहीं है। तेजराम पटेल निवासी फुलवारी के नाम पर बाहरी अन्य व्यक्ति द्वारा डामर प्लांट अवैधानिक रूप से लगाया जा रहा है और इसमें तैयार किया जाने वाला समस्त निर्माण सामग्री ओडिशा राज्य को भेजा जाएगा। इससे स्पष्ट होता है कि एक राज्य की भूमि का उपयोग कर दूसरे राज्य को लाभ पहुंचाया जाएगा। ग्रामीण सूत्रों के



अनुसार ठेकेदार और तेजराम पटेल द्वारा ग्रामीणों को गुमराह कर यह कार्य प्रारंभ किया गया है। ठेकेदार कथित रूप से व्यक्तिगत लाभ के लिए ग्रामवासियों को कुछ पैसे का प्रलोभन देकर और शासन प्रशासन के नाक के नीचे नियमों को ताक में रखकर के राजस्व को भारी नुक़सान पहुंचाने का खेल प्रारंभ हुआ है। समय रहते इसे नहीं रोका गया तो शासन को राजस्व का नुक़सान तो होगा। साथ ही पर्यावरण को भारी नुक़सान होगा। उक्त शासकीय भूमि पर अधिकांश संख्या में वृक्ष लगे हुए थे, जिसे काटकर समतलीकरण कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ बसना से गढ़फुलझर होते हुए उड़ीसा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है भारी संख्या में लोगों आना जाना लगा रहता है। मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे डामर प्लांट से पर्यावरण को भारी नुक़सान होगा और आने जाने वाले राहगीरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा आखिर इसका जिम्मेदार कौन होगा। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार यह एसडीएम मनोज कुमार खांडे द्वारा शासकीय भूमि पर अवैधानिक डामर प्लांट के लिए आवेदन के आधार पर स्वीकृति प्रदान की गई है। जबकि, उक्त भूमि पर तहसीलदार द्वारा शासन के नियमानुसार स्थगन आदेश जारी किया गया है। उक्त शासकीय भूमि पर डामर प्लांट लगाने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। डामर प्लांट लगाये जाने एवं अनुशंसा / स्वीकृति को लेकर अनेकों सवाल उठ रहे हैं।

> ग्राम पंचायत में ग्राम सभा रखी गई थी। उपस्थित ग्रामीणों की सहमति पर तेजराम पटेल को तीन माह के डामर प्लांट लगाने प्रस्ताव पारित कर स्वीकृति प्रदान की गई है।
> **-हेमलता बारीक**, सरपंच ग्राम पंचायत साल्हेझरिया

> शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैधानिक रूप से डामर प्लांट लगाये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। तहसील कार्यालय से स्थगन आदेश जारी किया गया है।
> **-ममता ठाकुर**, तहसीलदार, कार्यालय बसना

# धरसा मार्ग पर अतिक्रमण, किसान बोले: खरीफ से पहले रास्ता दो नहीं तो आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- **शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संबंधित हल्के के पटवारी ने मौके पर पहुंचकर की जांच**

तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत लहरौद के आश्रित ग्राम नयापाराखुर्द में किसानों के खेत व तालाब तक पहुंचने वाले मुख्य धरसा मार्ग खसरा नंबर 113/1, शासकीय भूमि, रकबा 0.07 हेक्टेयर पर हुए अवैध अतिक्रमण को लेकर गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने इस संबंध में कलेक्टर महासमुंद सहित सुशासन तिहार में शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संबंधित हल्के के पटवारी कमल सिदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें पाया गया कि उक्त शासकीय भूमि पर लोकनाथ डड़सेना पिता आनंद राम डड़सेना व इच्छा राम द्वारा अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया गया है। पटवारी द्वारा अवैध कब्जे का पंचनामा तैयार कर तहसीलदार को सौंप दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह धरसा मार्ग वर्षों पुराना है, जिससे किसान अपने खेतों तक नांगर-बखर और ट्रैक्टर लेकर जाते हैं तथा तालाब का भी उपयोग करते हैं। मार्ग के अवरुद्ध हो जाने से खेती-किसानी में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने तहसीलदार नितिन ठाकुर से मांग की है कि खरीफ फसल से पहले इस अतिक्रमण को हटाया कब्जा कर अवैध रूप से बेचने का काम करता रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में लोकनाथ डड़सेना ने ग्राम लहरौद के डीपोपारा चौक खसरा नंबर 624/1 की शासकीय भूमि पर कब्जा कर वहां मकान बना लिया है, जिसे गीताराम डड़सेना को दे दिया गया है। इसके अलावा शासकीय महाविद्यालय के



जाए, अन्यथा वे मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। गांव के प्रमुख ठाकुर अनंत सिंह वर्मा ने बताया कि लोकनाथ डड़सेना पूर्व में भी कई शासकीय भूमियों पर कब्जा कर निर्माण कर चुका है। वह पूर्व पटवारी बेंजामिन सिक्का के साथ मिलकर शासकीय जमीनों पर पीछे, डीपोपारा, नयापारा खुर्द व अठारहगुड़ी में भी अवैध कब्जा किया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग कि है और कहा कि खरीब फसल से पूर्व रास्ता बहाल नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे और मुख्यमंत्री निवास के घेराव के लिए बाध्य होंगे।

## नपाध्यक्ष ने किया तालाब सफाई कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका परिषद बागबाहरा अंतर्गत स्थित वार्ड न 02 व्यापारी तालाब, वार्ड न 03 ढांगा डिपरा तालाब, वार्ड न 06 शिव मंदिर तालाब, वार्ड न 13 नेकइन तालाब एवं वार्ड न 15 मंडी तालाब का सफाई कार्य वर्षा ऋतु से पहले कराया जाएगा। जिसमें निकाय द्वारा वार्ड 13 नेकइन तालाब का सफाई कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसका निरीक्षण नपाध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल एवं पार्षद वार्ड न 07 मंता यादव द्वारा किया गया। नपाध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने अधिकारियों को जल्द से जल्द सफाई करने के लिए निर्देश दिया।

## लंबर स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित 11वीं में सृष्टि प्रथम, रुपा द्वितीय




**सरायपाली।** लंबर दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत रहा तथा कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। इस प्रकार कक्षा 11वीं विज्ञान में सृष्टि राणा 97.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, वंदना साहू 89.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं रूपा दीवान 81.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान अर्जीत किए। 11वीं कला संकाय में हेमकुमारी सिदार 69 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान एवं भारती मानिकपुरी 68 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा कविता निषाद 61 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। वही कक्षा 9वीं में रोशनी साहू 95.3 प्रतिशत प्रथम स्थान, करीना मैत्री 88 प्रतिशत द्वितीय स्थान और प्रीति साहू 77. 6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त की। संस्था के प्राचार्य गजपति पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता आरके पटेल सहित सभी गुरुजनों ने हर्ष जताया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता जेके जायसवाल, बीएल साहू, एमडी मानिकपुरी, सीआर जायसवाल, एलके साहू, टीआर जायसवाल, एके चंद्रा, एलके सिदार, फत्तेसिंह बरिहा एवं खिरोद्र सिदार उपस्थित रहे।

# सशिमं उमावि का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागबाहरा में सत्र 2024-25 के वार्षिक परीक्षा परिणाम का शुभ उद्घोष 29 अप्रैल 2025 एवं 30 अप्रैल 2025 किया गया। इस अवसर पर सागरचंद अग्रवाल स्मृति शिक्षा समिति बागबाहरा के अध्यक्ष मनसुख परमार, सचिव राहुल अग्रवाल मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि सहसचिव जोगेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी उपस्थित रहे।

परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा, जिसमें विद्यालय की बहनों ने शानदार प्रदर्शन कर अग्रणी स्थान प्राप्त किए। प्रथम कक्षा में गितेश दीवान 99 प्रतिशत, द्वितीय कक्षा में मो. मेराज खान 97.83 प्रतिशत, तृतीय कक्षा में प्रिंसी साहू, चतुर्थ कक्षा में चित्रांगना नायक 96.1 प्रतिशत, पंचम कक्षा में अदिती यादव 92.00 प्रतिशत, षष्ठ कक्षा में ओम साहू 95.1 प्रतिशत, कक्षा सप्तम में भाग्यश्री चक्रधारी ने 90 प्रतिशत, कक्षा अष्टम दीप्ति यादव 94.17 प्रतिशत, हेमलता विश्वकर्मा 94.17 प्रतिशत एवं करिश्मा पटेल 94.17 प्रतिशत, कक्षा नवम में साधना देवांगन ने 98.8 प्रतिशत तथा कक्षा एकादश में रुपाली



चक्रधारी ने 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने वर्गों में पहला स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले तथा कक्षा में प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाले विद्यार्थियों को आगामी मेधावी छात्र परीक्षा 9 मई 2025 को महासमुंद में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए चयनित किया गया।

इस मौके पर विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले भैया-बहनों में कक्षा प्रथम से एकादश तक नाम क्रमशः हैं भावना श्रीवास, चांदनी ध्रुव, नैंसी चंद्राकर, तनुजा ध्रुव, गीतांजलि चंद्राकर, समीर साहू, भाग्यश्री चक्रधारी, षष्टांजलि साहू, केशर चक्रधारी, पौरवी देवांगन एवं भेपेश्वरी दीवान को भी विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष एवं सचिव ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ रहने तथा निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने असफलता ही सफलता की कुंजी है विषय पर प्रकाश डालते हुए सभी अभिभावकों, भैया-बहनों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन परीक्षा प्रमुख अनिमेश शर्मा द्वारा किया गया। विद्यालय द्वारा प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन समिति के अध्यक्ष मनसुख परमार, उपाध्यक्ष श्रद्धा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी, सचिव एवं विद्यालय के व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, सहसचिव जोगेंद्र सिंह, सदस्य अनिल पुरोहित, नरेश जैन, विकास बग्गा, तारा शर्मा, राही शर्मा, प्रीतम दीवान, केशव चंद्राकर, घनश्याम सोनी, महेश चंद्राकर, मानिकलाल साहू तथा प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर सहित समस्त आचार्यो ने हर्ष जताया है।

# डामर की परतें उखड़ने से जगह-जगह जानलेवा गड्ढे, वाहन चालक परेशान

**सरायपाली।** सागरपाली-सरसीवां मार्ग सागरपाली के पास डामर की परतें उखड़ने से जगह-जगह जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। सागरपाली के जमदरहा मोड़ से दुर्गापाली मोड़ तक सड़क सबसे ज्यादा खराब हुई है। आज हुई बारिश से पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई। गड्ढों में पानी भर गया, जिससे गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाने के कारण से राहगीर गड्ढों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। पहले इसी सड़क पर धूल की गुबार से परेशान थे। कीचड़ से परेशान हो रहे हैं। सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि गाड़ियों को इस मार्ग से होकर गुजरना भी मुश्किल हो रही है। इन गड्ढों की काम चलाऊ मरम्मत पिछले दिनों की गई। मगर, कुछ दिन बाद सड़क की स्थिति जस के तस हो गयी। विभागीय उदासीनता एवं ठेकेदारों की लापरवाही के चलते गारंटी पीरियड में ही डामर की परतें उखड़ गयीं और



जगह-जगह गड्ढे बन गए। बरसात के दिनों सड़क कीचड़ से लथपथ हो गई थी। सड़क ऊपर हमेशा पानी बहता रहता है, जिसके चलते सड़क खराब हो रही है। सरायपाली-सरसीवां मार्ग काफी व्यस्ततम मार्ग बन चुका है। इन मार्गों से सीमेंट, बालू, गिट्टी आदि बड़े पैमाने पर परिवहन होता है। इसी मार्ग से होकर रोजाना हाइवा, डंपर, ट्रक, ट्रैक्टर आदि भारी वाहनें गुजरती हैं। इन भारी वाहनों के आवागमन से ही सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। पिछले साल वित्त मंत्री ओपी चौधरी इस मार्ग से होकर जाते वक्त कुछ समय के लिए सागरपाली में रुके थे। तभी स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सरायपाली सरसीवां मार्ग की मरम्मत करने से संबंधी मांग पत्र सौंपा था। बरसात के बाद मरम्मत कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन भी दिए थे। बरसात के बाद मरम्मत कार्य प्रारंभ भी की गई मगर इसी हिस्से को छोड़ दिया गया। क्षेत्र की जनता सड़क मरम्मत की आस लगाए बैठे हैं। सरसीवां-सरायपाली मार्ग का जो हिस्सा सबसे ज्यादा क्षतिग्रस्त हुआ है उसी का मरम्मत क्यों नहीं हुआ इस सवाल का जवाब जनता जानना चाह रही है।

## प्रस्तावित कार्य स्थलों का आर्किटेक्ट टीम के साथ नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पदभार ग्रहण करने के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शहर विकास को लेकर काफी संजीदगी दिखा रहे हैं। श्री साहू शहर विकास के लिए प्रस्तावित कार्य स्थलों का लगातार निरीक्षण कर नपा के अधिकारियों को प्लान तैयार करने निर्देशित कर रहे हैं।

29 अप्रैल को नपाध्यक्ष साहू ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रस्तावित विकास कार्यों के लिए स्थल का आर्किटेक्ट टीम के साथ शहर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने, सुंदर और जनोपयोगी बनाने निरीक्षण किया। जिसमें मुख्य रूप से नवीन नगर पालिका भवन, एक आधुनिक सुविधा संपन्न प्रशासनिक केंद्र, आंबेडकर चौक के ओवरब्रिज नीचे, स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करने, चौपाटी निर्माण, संजय कानन में मल्टी कांप्लेक्स एवं गार्डन सौंदर्यीकरण, बच्चों के मनोरंजन के लिए सुविधाएं बढ़ाने, गार्डन की हरियाली के लिए विशेष प्लान तैयार करने स्थलों का निरीक्षण किया तथा आर्किटेक्ट टीम व नपा के इंजीनियरों को बेहतर डिजाइन तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश नपाध्यक्ष ने दिए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष के साथ नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदद्वय चंद्रशेखर बेलदार, धनेंद्र चंद्राकर, नपा के इंजीनियर, आर्किटेक्ट टीम व नपा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### कन्या स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। परीक्षा प्रभारी व्याख्याता संतराम साहू ने बताया कि कक्षा नवमी में 110 छात्रा में 63 छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इनमें मेघा चंद्राकर 84 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, द्वितीय पूर्वा चंद्राकर 80 प्रतिशत, तृतीय डमेश्वरी कंवर 78 प्रतिशत। कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय से पूनम निषाद प्रथम , कुंती साहू द्वितीय, उर्वशी पटेल तृतीय रहे, विज्ञान संकाय से रागिनी साहू प्रथम, तुषिता चंद्राकर द्वितीय , लीलेश्वरी मंडलोई तृतीय रहे, वाणिज्य संकाय से दुर्गा साहू प्रथम, छाया यादव द्वितीय, मीनाक्षी साहू तृतीय पर रहे। संयुक्त रूप से कक्षा ग्यारहवीं में दुर्गा साहू ने 73 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, छाया यादव ने 67 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय और रागिनी साहू ने 65 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमी का परिणाम 60 प्रतिशत रहा। इसी तरह ग्यारहवीं में का परिणाम 71 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू और व्याख्यातागण रागिनी चंद्राकर, परस राम सिन्हा, अनुपमा मानिकपुरी, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की, व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल, शिक्षक महेंद्र ध्रुव, रेणुका चंद्राकर, भानेंद्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी, अजय दीवान सहित छात्राएं उपस्थित रहे।

## पर्व विशेष : किसानों ने की धान बोआई की शुरुआत

# अक्षय तृतीया पर धूमधाम से गुड्डा-गुड़ियों का रचाया विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बैशाख मास के शुक्ल पक्ष के तृतीय तिथि को मनाए जाने वाले अक्षय तृतीय का पर्व बुधवार को मनाया गया। इस दिन मान्यता है कि बिना पंचांग देखे सवे सिद्ध मुहूर्त के रूप में विशेष महत्व है। सभी कार्य के लिए बहुत ही शुभ माना गया है। इस दिन को अक्ती पर्व भी कहा गया। ग्रामीण क्षेत्र के गांव में बैगाओं द्वारा ग्राम के देवी-देवताओं की पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। धान बीज निकाल कर कृषकों को वितरण किया गया। किसान नए मिट्टी के पात्र व टोकरी में धान भर नई फसल के लिए किसान पूजन अर्चन व नारियल तोड़कर सुख समृद्धि की कामना कर खेत में धान बुआई की शुरुआत की। बागबाहरा विखं के अंतिम छोर ओडिशा सीमावर्ती क्षेत्र के दर्जनो गांवों में अक्षय तृतीया पर मिट्टी के बने गुड्डा-गुड़ियों का विवाह रचाया गया। बता दें कि नर्रा समेत क्षेत्र के गांव के छोटे बच्चो युवतियों द्वारा पुतला-पुतली का विवाह पारंपरित रीति रिवाजों के साथ मंडप सजाया और विवाह का रस्मों का अनुकरण किया गया। जिसमें चुलमाटी से लेकर तेल हरदी बरात स्वागत से लेकर टिकावन सभी नेग दस्तूर के साथ विधि विधान से गुड्डा-गुड्डी का विवाह रचाया गया। टीकावन में गुड्डा-गुड्डी को पीले अक्षत टीककर आशीर्वाद प्रदान किया गया। टीकावन में लोग रुपये पैसे देकर बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया।



### कोकड़ी में भी रचाया विवाह

इसी प्रकार ग्राम कोकड़ी में अक्षय तृतीय का पर्व मनाया गया। जहां मिट्टी से बने दुलपुत्री विवाह पूरे नेग दस्तूर के साथ हुआ। जिसमें गांव के महिलाएं व छोटे बच्चे शामिल हुए।



### बैंडबाजे के साथ निकाली गई बारात, रीति-रिवाह से हुआ विवाह

ग्राम नर्रा के शांति नगर पटेल भवन में छोटे बच्चे व युवतियों द्वारा मिट्टी के बने पुतला-पुतली का विवाह रचाया गया। जिसमें पूरे रीति रिवाजों में चुलमाटी से लेकर तेल हरदी, बराती, टिकावन इत्यादि नेग दस्तुर के साथ विवाह किया गया। जिसमें वर पक्ष से गुड्डा के माथे पर छेहरा बांधकर एवं बैंड बाजे के साथ बारात निकाली गई। जिसमें ग्रामीण शामिल हुए। वधू पक्ष ने बारात का स्वागत किया। इस दौरान बिरसिंह पटेल, सुकालुराम पटेल, कौशल पटेल, ललिता पटेल, फटकन पटेल, कुमारी पटेल, चित्ररेखा, हरेश्वरी, खिलेश्वरी, गीताजंली, तन्नु, ओमेश्वरी, गुनिता, कविता, सवित्री, चांदनी, तारणी, लखिन, छोटी समेत बच्चे शामिल रहे।

# अक्षय तृतीया पर धान बोआई के लिए खेत, कुल देवी-देवताओं की हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

- ईष्ट देवी देवताओं पर किसानों ने धान चढ़ाकर की अच्छी फसल की कामना



अक्षय तृतीय का पर्व बिरकोनी सहित अंचल में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। हिंदू नववर्ष के बाद से ही किसानों का पहला त्यौहार माना जाता है। सुबह से ही किसान गांव में स्थित इष्ट देवी-देवता ठाकुर देवता की पूजा कर,गांव में सुख-समृद्धि की कामना की और चना, महुआ, धान का भोग लगाया। खेती किसानी करने वाले किसान का सबसे बड़ा दिन माना जाता है। ठाकुर देवता मंदिर में सुबह से ही खुशहाली की रौनक रही। किसान पहले खेत में धान, महुआ, चना व रोटी चढ़ाकर, पूजा अर्चना की व खेतों में मुट्ठी भर धान का छिड़काव किया।

ग्राम में स्थित कुल देवी देवता खल्लारी माता, मौली माता, महामाया माता, शीतला माता, बजरंग बली, महादेव, शक्ति, शिवलिंग, रामजानकी मंदिर, शक्ति मंदिर, दुर्गा मंदिर, सरस्वती मंदिर में किसानों ने झोला में धान और बाल्टी में तालाब के जल अर्पित कर, मंदिर में पूजा पाठ और साफ सफाई कर देवी देवताओं के लिए तालाब का जल धारण कर शाही स्नान करा कर धान चढ़ाया। तालाब से महामाया मंदिर व शीतला मंदिर व महादेव मंदिर में पूजा पाठ से शुभारंभ किया। बाद शक्ति मंदिर दुर्गा मंदिर, राम मंदिर, ठाकुर देवता, बाजार चौक स्थित दुर्गा मंदिर, बजरंगबली मंदिर, खल्लारी मंदिर, मौली माता मंदिर, रामजानकी मंदिर में जाकर दोना पत्तल में धान, महुआ, चना, चढ़ाया।

खुशहाली के लिए पर्याप्त वर्षा व सुख समृद्धि की कामना की। आज से खड़ी फसल खेती के लिए खेत में धान का छिड़काव की शुरुआत किया। राम जानकी मंदिर में अक्षय तृतीया पर भगवान परसुराम की पूजा अर्चना हुई। आचार्य लक्ष्मी नारायण वैष्णव ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तृतीया को हुआ था। सतयुग की समाप्ति के बाद त्रेता युग का आरंभ हुआ। परशुराम के अलावा इस दिन ही भगवान विष्णु के नर-नारायण अवतार भी अवतरित हुए थे।

भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा की चावल की पोटली खोलकर इसी दिन खाया था। इन्हीं चावलों से उनकी गरीबी सदा के लिए दूर हो गई, जो कि आज की परंपरा किसानों सहित देश के सभी व्यक्तियों के लिए अन्न जीवन के लिए एक उपयोगी है। इस दिन दिए गए दान से मिलने वाला पुण्य कभी समाप्त नही होता। इसका दान करने से दरिद्रता दूर होती है, जो आज भी कायम है। आज के दिन शादी के बंधन में बंधने से दांपत्य जीवन की प्राप्ति होती है।

# सुशासन तिहार में डूमरपाली के महेश राम को मिला किसान किताब

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार ने न सिर्फ योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया है, बल्कि आम नागरिकों की जमीनी समस्याओं का त्वरित समाधान कर एक नई मिसाल भी कायम की है। ऐसी ही एक कहानी है बसना विकासखंड के ग्राम डूमरपाली निवासी महेश राम की। महेश राम एक साधारण कृषक हैं, जिनकी पूरी आजीविका कृषि पर निर्भर है। पिछले वर्ष से वे अपनी भूमि से जुड़ी सुविधाओं से वंचित थे, क्योंकि उनके पास ऋण पुस्तिका नहीं थी। ऋण पुस्तिका के अभाव में उन्हें न तो किसी बैंक से कृषि ऋण मिल पाता था, न ही सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ। कई बार उन्होंने प्रयास किया, लेकिन उनकी आवाज कहीं ना कहीं दबकर रह जाती थी। जब सुशासन तिहार अभियान की शुरुआत हुई, तो यह उनके लिए एक नई उम्मीद की किरण लेकर आया। उन्होंने ग्राम स्तर पर आयोजित शिविर में अपनी समस्या दर्ज करवाई। उनकी यह छोटी सी पहल, शासन-प्रशासन की सक्रियता के चलते एक बड़ी राहत में बदल गई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के कुशल मार्गदर्शन में, बसना तहसील की तहसीलदार ममता ठाकुर ने महेश राम की समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। समुचित सत्यापन के उपरांत महेश राम को उनकी ऋण पुस्तिका प्रदान की गई। ऋण पुस्तिका हाथ में लेते समय महेश राम की आंखों में चमक थी कि यह चमक सिर्फ कागज की नहीं, बल्कि विश्वास और अधिकार की थी। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा, अब मैं भी अपने खेत की उन्नति के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकूंगा। ये सुशासन तिहार मेरे लिए किसी पर्व से कम नहीं है। यह कहानी सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि सुशासन की उस अवधारणा की है, जहां हर नागरिक की समस्या को शासन स्वयं सुनता है, समझता है और उसका समाधान करता है।

# केंद्रीय विद्यालय में संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय विद्यालय का 54वीं संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में रायपुर संभाग से 24 विद्यालयों से कुल 152 बालक और बालिकाओं ने हिस्सा लिया और 32 अनुरक्षक सम्मिलित हुए। जिसके अंतर्गत अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 प्रतियोगिताओं में हैंडबॉल और बैडमिंटन के खेलों में खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। 24 अप्रैल को प्रातः 7 बजे प्राचार्य संजय कंसल द्वारा ध्वजारोहण कर तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में बैडमिंटन अंडर- 14 बालक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हर्ष वैष्णव केवी राजनंदगांव, दूसरा ऋतिक महेश्वरी राजनांदगांव तथा तृतीय वेदांत लीचडे केवी राजनंदगांव रहे। बालक अंडर- 17 में प्रथम रचित नायक केवी रायपुर नंबर 2, द्वितीय अरहत राहुल केवी राजनंदगांव तथा तृतीय शुभांकर सिंह केवि किरंदुल, अंडर- 19 बालक आशीष निशाद केवि सुकमा, द्वितीय मोक्ष चंद्राकर केवी महासमुंद,



तृतीय स्थान अभय विश्वकर्मा केवी बचेली रहे। अंडर- 14 बलिकाओं की बैडमिंटन प्रतियोगिता में अदिति सिंह के वी रायगढ़ प्रथम, द्वितीय सव्या कार्तिका गुप्ता केवी जगदलपुर तथा मोवी दास केवी जशपुर ने तृतीय, बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर-17 में संभवी अग्रवाल केवी बिलासपुर ने प्रथम, द्वितीय प्रज्ञा मल्लाह केवी बचेली तथा तृतीय प्रकृति वर्मा केवी दुर्ग, अंडर-19 बालिकाओं में प्रथम सान्वी साहू केवी महासमुंद, द्वितीय अदिति मानिकपुरी केवि महासमुंद, हैंडबाल अंडर- 17 बालिकाओं में केवी महासमुंद टीम ने प्रथम, केवी न 2 रायपुर द्वितीय तथा केवि नंबर 1 रायपुर तृतीय और हैंडबाल अंडर- 17 बालक में केवी महासमुंद प्रथम, केवी धमतरी द्वितीय तथा केवी चिरमिरी तृतीय रहे। प्राचार्य संजय कंसल के कुशल मार्गदर्शन तथा सभी शिक्षकों के प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग से आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि केके चंद्रा (प्राध्यापक गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर) रहे। खेल शिक्षक सोहन लाल साहू ने आभार व्यक्त एवं संचालन दशरथ राम यादव ने किया। कार्यक्रम में शिवा (तकनीकी विशेषज्ञ) केवी नया रायपुर, एसके सिंह, कांता एक्का, लोकेश सिंह, अजय, भारती वर्मा, प्रताप सोनी, प्रभात देवांगत, दशरथ राम यादव, तुलसीराम चंद्राकर, सूर्य कुमार साहू, जीके निर्मलकर, भूमिका पराशर, आर्यन, शिवानी, विजेता, विवेक शर्मा, धर्मेंद्र पटेल, प्रवीण कुमार साहू, नीलमाधव सिंह, गुलाब आवडे, सीताराम पटेल, भूमिका साहू, गिरधारीलाल साहू, संतोष, नारायण यादव आदि का सहयोग रहा।

# बृजराज मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय बृजराज उच्चतर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक विजयलक्ष्मी चंद्राकर को सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार, संकुल बृजराज के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षकों, पालकों एवं विद्यार्थियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। बृजराज शाला में एक विदाई सामारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम विजयलक्ष्मी चंद्राकर को स्मृति चिन्ह, उपहार एवं श्रीफल, शॉल से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक नरेश साहू ने श्रीमती चंद्राकर के 36 वर्ष के शिक्षकीय सफर का सक्षिप्त परिचय रखा। शिक्षिका जमुना साहू ने आपने साथ बिताए स्मृतियों को साझा किया। तत्पश्चात सांसद प्रतिनिधि अजय चोपड़ा, विघायक प्रतिनिधि आकाश पांडे एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिग्विजय साहू ने प्रधान पाठक को अंगवस्त्र भेंट कर उनके द्वारा किये गये कार्य से प्रेरणा लेने की बात कही। इसी क्रम में सेजेस हिंदी के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, व्याख्याता चमनलाल चंद्राकर ने अपने विचार में कहा कि श्रीमती चंद्राकर सदैव विद्यार्थी और शाला के हित के लिए तत्पर रहती थी। एक साहसिक, मिलनसार व हसमुख प्रवृत्ति की शिक्षक है। छग शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेश शर्मा, कार्यकारी प्रातांध्यक्ष प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात आप एक सीमा से बाहर आकर अब समाज के उत्थान के लिए भी अपना योगदान दे सकतीं है। विदाई समारोह में श्रीमती चंद्राकर के पति ओंकार चंद्राकर, माता राही देवी के साथ उनके पुत्र व पुत्री उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विखं शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, सीएसी सुरेंद्र चंद्राकर, बृजराज मिडिल स्कूल के शिक्षकगण सोनल साहू, स्वाति चंद्राकर, पुष्पांजलि सिंह, कर्मचारी चित्ररेखा, सावित्री धीवर, द्रौपदी यादव, बृजराज प्राथमिक के प्रधान पाठक गोमती साहू, देवेंद्र ठाकुर, मनीषा साहू, नेहा चंद्राकर, बिमलेश्वरी दुबे, सुशांत धराई, स्वाति सिन्हा सेजेस उच्च प्राथ प्रधान पाठक चिंतामणि चंद्राकर, प्रभा चंद्राकर के साथ बृजराज संकुल के समस्त प्रधान पाठक शिक्षक व पालकों की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, 37 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ग्राम धरमपुर बागबाहरा के निवासियों ने जल जीवन मिशन अंतर्गत पाइपलाइन एवं बोर खनन



के लिए आवेदन किया, इसी क्रम में ग्राम लक्ष्मीपुर पिथौरा के निवासियों ने बंद पानी टंकी को शुरू करने संबंधी आवेदन किया। ग्राम बम्हनी महासमुंद से सुखीराम साहू ने वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन, ग्राम बिछियां बसना से अहिल्या बाई ने सीमांकन संबंधी त्रुटि को लेकर आवेदन, ग्राम पंचायत कौंवाझर में वित्तीय अनियमितता को लेकर आवेदन, ग्राम सुखीपाली पिथौरा से शंकर दीप ने रोजगार सहायक की अनियमितता को लेकर आवेदन, ग्राम खट्टी महासमुंद निवासी कांतिबाई ने पेंशन के लिए आवेदन, ग्राम घोघरा पिथौरा निवासी भैयाराम गोंड ने फसल बीमा संबंधी आवेदन किए। कलेक्टर लंगेह ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# लोहारडीह संकुल के सभी स्कूलों में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संकुल स्त्रोत केंद्र लोहारडीह के अंतर्गत समस्त स्कूलों में विकासखंड कार्यालय में अनुमोदन पश्चात 30 अप्रैल 2025 को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें स्कूल स्तर पर विद्यालय द्वारा एवं संकुल स्तर पर प्रावीण्य सूची का वाचन संकुल समन्वयक गणेश टंडन द्वारा किया गया। कक्षा 5 वी में क्रमशः याचिका बंजारे शाप्राशा बनसिंवनी 89 प्रतिशत प्रथम, डायमंड निषाद परसापानी 87 प्रतिशत द्वितीय, खिलेश्वरी ध्रुव बनसिवनी 86 प्रतिशत तृतीय, भूमि खैरवार लोहारडीह चतुर्थ 84 प्रतिशत, शौर्यप्रताप सिंह 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर पांचवे स्थान पर रहे।

इसी प्रकार केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा कक्षा 8वीं में प्रथम तेजेश्वरी पटेल 84 प्रतिशत, द्वितीय रत्नेश बरिहा 825 एवं तृतीय स्थान व्योम ध्रुव 815 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्थान बनाया। इसी क्रम में कक्षा छटवी में आरुषि मन्नाडे 78 प्रतिशत, सातवी में कुसुम साहू 78 प्रतिशत एवं कक्षा नवमी में खेमिन ध्रुव 799 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान बनाया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य नेहा सिंह, देवराज सेन, एसपी मरकाम, अनिता एक्का, व्याख्यातागण तरुण कहार, रोमन चंद्राकर, रमाशंकर शर्मा, प्रधान पाठकगण कुलदीप सिंह, डोमन साहू, सोमेश्वर पटेल, अनंत ध्रुव, गौतम साहू, दुर्गा साहू शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रधान पाठक देवेंद्र चंद्राकर बनसिवनी, मुकेश साहू उलट कोडार, तरुण मरई पेंड्राडीह,पुरण साहू परसापानी, रानु शर्मा घोंघीबाहरा एवं समस्त शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताया।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

न्यायालय श्रीमान मंजीत जांगड़े व्यवहार न्यायाधीश बसना, जिला - महासमुंद (छ.ग.)
प्रो. नं...........
प्रकरण क्रमांक-01-बी / 2025
पेशी तारीख - 17.06.2025

प्रेमलाल पटेल
बनाम
ललित पटेल

उपरोक्त वादी प्रेमलाल पटेल के द्वारा प्रतिवादी ललित पटेल के विरूद्ध दावा वास्ते क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने हेतु माननीय न्यायालय-व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, बसना, जिला- महासमुंद (छ.ग.) में प्रस्तुत किया गया है और उक्त दावा वास्ते क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने हेतु की सुनवाई हेतु दिनांक-17.06.2025 की तिथि नियत है ।

अतः प्रतिवादी ललित पटेल पिता स्व. हरिअर्जुन पटेल, उम्र लगभग 67 वर्ष, निवासी-गढ़पटनी, थाना व तहसील - बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.) को उक्त दावा वास्ते क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक को सुबह 11:30 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये की जाएगी।

**नोटः**-अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 23/04/2025 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(मंजीत जांगड़े)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बसना
जिला-महासमुंद (छ.ग.)
मुहर

## खबर संक्षेप



### गांव में अखबार वितरण

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड निवासी शोभाराम ध्रुव की पत्नी मिलो बाई ध्रुव (60 वर्ष) द्वारा सुबह 5 बजे से 1 किलोमीटर पैदल चलकर हरिभूमि अखबार का गांव में वितरण किया जाता है। उसके बाद ही घरेलू कामकाज में जुटती है।



### बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर की गई चर्चा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त ट्राइबल एजुकेशन एकीकृत शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय सचिव सर्वेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में 29 अप्रैल को प्रांतीय स्तर के पदाधिकारी एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों की बैठक खेल मैदान छुरा में रखा गया। जिसमें छत्तीसगढ़ में संघ के विस्तार के साथ जिला इकाई एवं ब्लाक इकाई का गठन के साथ शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर प्रकाश डाला गया।



### अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अक्षय तृतीय अक्ती पर्व पर गुड्डा-गुड़िया की विवाह रचाया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने अक्षय तृतीया को छत्तीसगढ़ में अक्ती तिहार नाम से जाते है। अक्ती के दिन छत्तीसगढ़ में मिट्टी से बने गुड्डे गुड़ियों की विवाह पूरे रीति रिवाज से करते हैं। इस दिन हर घर में शादी जैसा माहौल होता है। बुजुर्ग अपने घर में नए मटकी में जल रखकर पितरों का आह्वान कर नदी तालाब में तर्पण करते है। अक्ती तिहार पर छत्तीसगढ़ के हर घर में लगभग इस परंपरा को निभाया जाता है। इस दिन किसान अपने खेतों में धान बीज डालकर बोनी की शुरुआत करते हैं।

---

**चर्चा : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली समय-सीमा की बैठक**

# 'शालाओं-शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण पूरी पारदर्शिता, नियमानुसार करें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं की

- सुशासन तिहार में सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए
- पीएम रिपोर्ट एक सप्ताह में और दस्तावेज 15 दिन के भीतर प्रस्तुत किया जाए



प्रगति की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा बैठक लेकर कलेक्टर विनय लंगेह ने की। बैठक में सुशासन तिहार, मोर दुआर साय सरकार, आवास प्लस 2.0, पीएम जनमन योजना, युक्तियुक्तकरण सहित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम सरायपाली नम्रता चौबे, महासमुंद हरिशंकर पैकरा, डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर, आशीष कर्मा सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वर्चुअल रूप से शामिल रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने मोर दुआर-साय सरकार विशेष सर्वेक्षण पखवाड़े के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य आवास योजना से वंचित पात्र ग्रामीणों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित सुनिश्चित करना है। अभी तक जिले में 1 लाख 28 हजार परिवारों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। इसकी आखिरी तिथि 30 अप्रैल है। कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के पश्चात संबंधित आवेदकों को भी सूचना दें। साथ ही संबंधित पोर्टल पर प्रविष्टि कर 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से एंट्री सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में प्राप्त 1 लाख 82 हजार आवेदनों में से 1 लाख 50 हजार आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष 30 हजार आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करें। प्रत्येक विभाग टीम बनाकर आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य जन शिकायतों का त्वरित समाधान और योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके पश्चात 5 मई से समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

बैठक में उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करें। साथ ही अवैध रेत उत्खनन को लेकर जिन ग्राम पंचायतों से शिकायत प्राप्त हो रही है उन पर कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज करें। जिले में अवैध शराब विक्रय पर कड़ी निगरानी रखते हुए जिले के सभी मदिरा दुकानों में अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी और आबकारी उप निरीक्षक मिलकर सतत निरीक्षण करें। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस योजना के लक्ष्यों को शीघ्रता से पूरा करें।

विशेषकर जाति, आधार, आयुष्मान कार्ड आदि को शत प्रतिशत बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा नशा मुक्ति अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को गर्मी की हालात को देखते हुए बिना वजह विद्युत अवरोध को रोकने के निर्देश दिए है। साथ ही अपने अधीनस्थों को नागरिकों की समस्या को सुनने फोन रिसीव करने के निर्देश दिए। बैठक में ई ऑफिस क्रियान्वयन के संबंध में भी निर्देश दिए गए। साथ ही पीएम पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय सीमा पत्रकों की विस्तार से समीक्षा की तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त मांग एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

कलेक्टर ने बैठक में नवीन आपराधिक कानून के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल, अनुविभागीय कार्यालय एवं बैंकों में भी वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम स्थापित किया जाए, ताकि पेशी में सुविधा हो और समय की बचत हो। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामान्यत विलंब से प्रस्तुत किया जाता है, ऐसे में कार्रवाई में विलंब होता है, उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ताकि, आगे की कार्रवाई की जा सके। इसी तरह किसी भी प्रकरण में संबंधित डॉक्यूमेंट 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करें ताकि समय पर कार्रवाई किया जा सके।

### जल संरक्षण व प्रबंधन को लेकर दिए गए निर्देश

कलेक्टर लंगेह ने भूमि जल संरक्षण और जल प्रबंधन को लेकर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना सुनिश्चित करें और जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित करें। कलेक्टर ने जिले में शालाओं और शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण पूरी पारदर्शिता और शासन के नियमानुसार करने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को समय सीमा में पारदर्शिता के साथ पूर्ण कर लें। शासन के निर्देशानुसार 10 जून तक शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। वही स्कूलों का युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया 25 मई तक पूरी होगी, जबकि शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया 10 जून तक पूरी होगी। उन्होंने युक्तियुक्तकरण कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। स्कूली शिक्षा में संतुलन और गुणवत्ता सुधार के लिए इस कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

---

# आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर के लिए जिले के 35 खिलाड़ी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक्स बालक-बालिका की आवासीय खेल अकादमी संचालित है तथा राज्य शासन द्वारा बालिका कबड्डी खेल अकादमी संचालित है, जिसके लिए प्रवेश दिया जाना है। आवासीय खेल अकादमी तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक्स बालक एवं बालिका एवं कबड्डी बालिका का चयन ट्रायल बेहतराई बिलासपुर में 29 से 30 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले के बागबाहरा, बसना, पिथौरा एवं महासमुंद ब्लॉक के तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में कुल 35 खिलाड़ी शामिल हैं।

तीरंदाजी खेल में पिथौरा से जानवी निर्मलकर, आरिन चौधरी, प्रज्ञा चौधरी, बसना से मनीष सिदार, चंदन सिदार, महासमुंद से जयंत ठाकुर, राहुल धीवर, अबीर पांडे, टिकेश्वरी साहू, दुर्गेश्वरी साहू, वेनिका साहू, बागबाहरा से प्रियांशु साहू, ओमप्रकाश ध्रुव, अमर सवर, लक्ष्मण चंद्राकर, टुकेश साहू, लोकेश, पीयूष, भास्कर, टोपू ध्रुव, लीलाधर हरबन, मान साहू, वैशाली साहू, तृषा प्रजापति, मिताली यादव, सरोज भारती, चांदनी साहू, जया पहटिया, हॉकी खेल में कुणाल कुलदीप, भूपेंद्र साहू, राकेश निषाद, डोगेश निषाद, सागर सेन, देवेश, फलेश यादव , टोमेश चंद्राकर शामिल हैं। दल मैनेजर एवन कुमार साहू, राजेश चौधरी, पिरित राम साहू, नीलम साहू शामिल हैं। जिले के एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बास्केटबाल खिलाड़ी साईं सेंटर रायपुर, बैंगलोर, हरियाणा, खेल अकादमी रायपुर, बिलासपुर इत्यादि जगहों में चयनित होकर पदक जीतने में सफल हो रहे हैं तथा नियमित अभ्यास कर रहे हैं। खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में अच्छे प्रदर्शन करने खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, डॉ. अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर पुणेंद्र चंद्राकर, सोमनाथ साहू, रिंकल बग्गा, ऋषि साहू, व्यायाम शिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई, डॉ सेवन दास मानिकपुरी, अंजनी साहू ने हर्ष जताया।

### अन्नदाता के अरमानों पर गिरे ओले, फसलों को नुकसान : तुषार

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने किसानों के साथ मिलकर जिला कलेक्टर से मांग की कि ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वे एवं गिरदावरी कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि 28 अप्रैल की शाम को कई गांवों में अचानक मौसम का मिजाज बदलने से बारिश के साथ जोरदार ओलावृष्टि हुई। ओलों की मार से तैयार फसल को भारी नुकसान होने से किसान मायूस है। कई गांवों में तेज बरसात हुई तो कई गांवों में 20 मिनट तक बेर के आकार के ओले पड़े। जिससे किसानों की पकी फसल बर्बाद हो गई। सबसे ज्यादा नुकसान महासमुंद विधानसभा क्षेत्र सिरपुर, पटेवा, झलप, खल्लारी, बसना, सरायपाली विभिन्न ग्रामीण इलाके में हुआ। कलेक्टर ने यथाशीघ्र मुआवजा देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली है।



---

### शीतला मंदिर में धान चढ़ाकर की अच्छी फसल की कामना



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की गई। श्रेष्ठ मुहूर्त होने के करण आंचल में सैकड़ों जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर कृषकों ने शीतला मंदिर पहुंचकर दोना में धन बीज एवं महुआ फूल को भगवान के चरणों में अर्पित करते हुए अच्छी फसल होने की कामना की है। ग्राम के बैगा विश्वनाथ ध्रुव, सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, कार्तिक राम पटेल, कौतुक पटेल, गंगाधर निर्मलकर, प्रीतम पटेल, मुरलीधर ध्रुव, हुसन लाल निर्मलकर, बृजलाल ध्रुव, रोहित कुमार पटेल, दिनेश दुबे, हेमलाल ध्रुव समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आत्मानंद स्कूल पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मंगलवार को ग्राम तुमाडबरी स्थित शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पहुंच मार्ग का भूमिपूजन क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। काफी लंबे समय से सड़क की मांग की जा रही थी, जो अब जल्द ही पूरा होने वाला है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, भाजपा नेता मुन्ना साहू, मीना वर्मा, ग्राम पंचायत परसदा (ब) के सरपंच पीतांबर ध्रुव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि विष्णुदेव के सुशासन में प्रदेश का हर एक क्षेत्र में विकास हो रहा है। शहर से लेकर गांव तक विकास कार्यों की सौगात मिल रही है, जिससे जनता में सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन स्कूल आना जाना करते हैं।

स्थिति को देखते हुए यहां सड़क निर्माण अति आवश्यक हो गई थी। अब सड़क निर्माण के बाद बच्चों को आवागमन में परेशानी नहीं होगी। साथ ही ग्रामीणों को भी इससे राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं उन्हें शिक्षा अर्जन करने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आए यह सुनिश्चित करना ही हमारा कर्तव्य है।

## ओवरब्रिज के नीचे की खाली जगह का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



वार्ड नं 14 डा अम्बेडकर चौक स्थित ओवरब्रिज के नीचे की खाली जगह को कमर्शियल उपयोग के लायक बनाने के लिए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नगर पालिका से मांग रखी थी। जिस पर नगर पालिका में बाहर से नियुक्त आर्किटेक एवं नगर पालिका के सब इंजीनियर के साथ नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदद्वय चंद्रशेखर बेलदार व धनेंद्र चंद्राकर ने ओवरब्रिज के नीचे की जगह का निरीक्षण किया तथा आर्किटेक्ट को बताया गया कि यह जगह शहर का हृदय स्थल है। ओवरब्रिज बनने के कारण आसपास का इलाका शुष्क हो गया है। खाली जगह पर्याप्त मात्रा में है। बड़े शहरों के तर्ज पर ओवरब्रिज के नीचे व्यवसायिक उपयोग किया जाना है, उस हिसाब से ड्राइंग तैयार कर नगर पालिका को दिया जाए तथा शासन से उसके लिए फंड की व्यवस्था कर जगह का बहुउपयोगी उपयोग किया जाना है। आर्किटेक्ट को कहा गया है कि ज्यादा समय न लगाए, शीघ्रता के साथ बनाकर दिया जाए। गौरतलब है कि क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने 1 माह पूर्व इसी जगह का निरीक्षण किया था। उन्होंने निर्देश दिया था कि शहर का हार्ट है। इसका सदुपयोग किया जाए। शहर की जनता को रोजगार मिले, ऐसा उपयोग हो उन्ही के सुझाव पर प्लानिंग हो रही है।

# केंद्रीय विद्यालय में तरूणोत्सव का आयोजन विद्यार्थियों को मिला कैरियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में तरूणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन एवं शिक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर के कुशल नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सीआईपीईटी (सीआईपीईटी), रायपुर से पधारे मैकेनिकल इंजीनियर विभोर कुलभंजे ने शिरकत की। कुलभंजे ने पने प्रेरणादायक वक्तव्य में विद्यार्थियों को प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों, आधुनिक युग में इसकी बढ़ती उपयोगिता तथा भविष्य की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनके संदेह भी दूर किए और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने सहज और प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक दशरथ राम यादव ने मुख्य अतिथि व सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिका भूमिका पराशर, वंदनी जौहरी एवं विवेकानंद प्रधान का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय परिवार द्वारा इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**गुरुकुल उमावि सोनासिल्ली में पालक मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ**

# विधायक ने की बच्चों की प्रतिभा की सराहना, बोलेः गुरुकुल बन रहा शिक्षा व संस्कृति का आदर्श केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनासिल्ली में भव्य पालक मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारकाधीश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, अभिभावकगण एवं नागरिकों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आयोजन को गरिमा प्रदान की।

समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। दीप प्रज्ज्वलन के साथ विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना। पूजा के उपरांत पालक मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के पालकों ने शिक्षकगण से संवाद कर शैक्षणिक, नैतिक व सामाजिक विकास पर चर्चा की। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। स्वागत गीत, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, नाट्य प्रस्तुति, कविताएं और प्रेरणादायक नाटक ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बच्चों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने सभागार में तालियों की गूंज भर दी।



### गुरुकुल विद्यालय शिक्षा का मंदिरः द्वारिकाधीश

मुख्य अतिथि द्वारकाधीश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुकुल विद्यालय एक शिक्षा का मंदिर है, जहां न केवल पढ़ाई होती है, बल्कि बच्चों के अंदर संस्कार, नैतिक मूल्य और सामाजिक जिम्मेदारियों की भावना भी विकसित होती है। आज के इस आयोजन में बच्चों की प्रतिभा को देखकर गर्व महसूस हो रहा है, ऐसे आयोजनों से बच्चों का आत्मबल बढ़ता है और माता-पिता को भी उनके विकास की झलक मिलती है। मैं विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि यह संस्थान भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष रामनारायण शर्मा, प्राचार्य ममता शीतल मिश्रा, सरपंच प्रतिनिधि जीतराम यादव, जनपद सदस्य बलविंदर सलूजा, उपसरपंच जितेंद्र ध्रुव, नोहर बांधे, उत्तम साहू, भारत दीवान, विद्यालय संचालक सोमदत्त मिश्रा समेत बड़ी संख्या में पालकगण, क्षेत्रीय नागरिक, माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं।

### कार्यक्रम संचालन रहा आकर्षण का केंद्र

समारोह का संचालन शिक्षक सोमकांत यादव एवं एमआर ध्रुव द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया। दोनों ने मंच को रोचकता और अनुशासन से सजाए रखा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी आगंतुकों, पालकों और बच्चों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे विद्यालय की सामाजिक व शैक्षणिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर , 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411